दिन—शनिवार दिनांक— 31/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जायेगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाईल एप और वेबसाईट पर भी उपलब्ध होगी।

————————————————————

सामायिक चर्चा के तहत आज केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस—सत्ताईस से पूर्व बजट से आम लोगों की अपेक्षाओं पर आधारित विशेष कार्यक्रम का प्रसारण रात्रि सात बजकर बावन मिनट से आकाशवाणी पटना से किया जायेगा।

————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा और राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। सत्र के दूसरे दिन तीन फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का बजट पेश होगा।

————————————————————

पटना में नीट छात्रा की मौत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि सीबीआई न केवल जांच करने, बल्कि आवश्यक कार्रवाई के लिए राज्य और इससे जुड़े अन्य स्थानों पर शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिकृत है। पटना केंद्रीय प्रक्षेत्र के आईजी को भी इस मामले से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज सीबीआई को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में एक हॉस्टल में रहने वाली छात्रा की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी थी।

————————————————————

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय– डीजीएचएस ने बताया है कि नीट पीजी परीक्षा के लिए राउंड–थ्री काउंसलिंग प्रक्रिया फिर शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया पोस्ट में डीजीएचएस ने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया नए पंजीकरणों की सुविधा के साथ फिर शुरू हुई है। अधिक जानकारी मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने देशभर में किसानों के बीच पच्चीस करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए हैं। यह योजना वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू की गयी थी। इसका उद्देश्य भूमि में पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है। पिछले वर्ष जुलाई तक इस योजना के तहत तिरानवे हजार से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि योजना के तहत बड़े पैमाने पर जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। सरकार ने कहा है कि ये उपलब्धियां इस योजना के विस्तार और बढ़ते पैमाने को दर्शाती है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड हर दो वर्ष के अंतराल पर वितरित किए जाते हैं। इसके माध्यम से भूमि की भौतिक–रसायन जानकारी और पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में सूचना का प्रसार किया जाता है।

———————————————————

राज्य के तेरह पारंपरिक विश्वविद्यालयों के शिक्षक कर्मियों के वेतन–पेंशन भुगतान के लिए तीन सौ दस करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की गयी है। इस राशि से जनवरी महीने के वेतन–पेंशन का भुगतान होगा। सबसे अधिक वेतन मद में राशि भीम राव आम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर को निर्गत की गयी है। इधर, वित्त रहित डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों ने सरकार से पटना उच्च न्यायालय के फैसले के अनुरूप तत्काल बकाया वेतन भुगतान और पेंशन देने की मांग की है।

———————————————————

देश में कई स्थानों पर बर्फबारी और बारिश के चलते प्रदेश के मौसम में बदलाव देखा गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत कई स्थानों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। इस दौरान कोहरे और ठंडी हवाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ है। भागलपुर का सबौर सात दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विभाग ने अपने

पूर्वानुमान में कहा है कि सर्द हवाओं के कारण राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी होगी। वहीं, कई अन्य क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रह सकता है।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।